कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment,
Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय
पंचदीप भवन, भवानी सिंह रोड़, जयपुर - 302001
Panchdeep Bhawan, Bhawani Singh Road,Jaipur-302001
Phone – 0141-2989581 E-Mail : rd-rajasthan@esic.gov.in
Website : www.esic.gov.in / www.esic.in

क्रमांक:A-47013/22/2022-Admn दिनांक:-06-11-2025

# परिपत्र

**विषय:** **स्वप्रमाणन (Undertaking), सूचना आवेदन (Intimation Application) तथा परीक्षा आवेदन की संख्या की घोषणा के संबंध में|**

यह निर्देशित किया जाता है कि राजस्थान क्षेत्र के अंतर्गत सभी ई.एस.आई.सी. संस्थान यह सुनिश्चित करें कि उनके अधीन कार्यरत कोई भी कर्मचारी जब किसी आंतरिक अथवा बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन करे, तो वह नियमानुसार निर्धारित समयावधि में अपने कार्यालय को सूचना पत्र (Intimation Letter) प्रेषित करे तथा इसके साथ व्यक्तिगत घोषणा (Undertaking) भी संलग्न करे, जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो कि कर्मचारी अब तक कितनी परीक्षाओं में सम्मिलित हो चुका है।

संबंधित इकाई प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि उपर्युक्त प्रक्रिया का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे अभिलेख संधारण एवं अनुमोदन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनी रहे।

1. संस्थान प्रमुख/प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणित सूचना आवेदन **(Intimation Application)**
2. कर्मचारी द्वारा दिया गया स्वप्रमाणन **(Undertaking)** जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो कि इस कैलेंडर वर्ष में उसने कुल कितने परीक्षा आवेदन क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित किए हैं।

उक्त दोनों दस्तावेज परीक्षा के आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से **07 कार्य दिवस पूर्व** तक अनिवार्य रूप से क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर को भेज दिए जाएं। यदि निर्धारित तिथि तक दस्तावेज प्राप्त नहीं होते हैं, तो संबंधित परीक्षा आवेदन पर किसी प्रकार की कोई कारवाई नहीं की जाएगी|

सभी संस्थानों से अनुरोध है कि उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
"GAJENDRA SINGH"
Date: 06-11-2025
12:47:48

**(गजेंद्र सिंह)**
**उप निदेशक (प्रशासन)**